THE GLOBAL TIMES

Vol 18, Issue 20 | Language: English | New Delhi | Monday, September 7, 2026 | Weekly | DELENG/2009/30258 | Price: Annual Subscription ₹1100 | www.theglobaltimes.in

Follow us on

@theglobaltimesnewspaper

@the_global_times

Hindi Diwas Special

As September unfolds, it brings with it the celebration of one of our nation's most beloved languages - Hindi. The country comes together to appreciate the linguistic beauty of this Rajbhasha, culminating in the grand observance of Hindi Diwas on September 14. In this spirit, The Global Times presents 'Part I' of our two-part Hindi Special Edition, featuring four pages (pages 5-8) dedicated to Hindi. As you explore these pages, let the essence of Hindi inspire you with its timeless charm and cultural significance.

THE GT POLL

Bill Gates proposed that governments should tax employers for AI, reserve jobs for humans, and set regulatory bodies to check automation. Do you agree?

A) Yes B) No C) Can't say

To vote, checkout our page @the_global_times

THE GT POLL RESULT
for GT Edition Aug 31, 2026

Amid safety concerns across social media platforms, would you be willing to share ID proofs with tech firms for stronger protection online?

18% Yes

64% No

18% Can't say

Results as on Sept 5, 2026

Coming Next

Hindi Edition - Part II

Dear teachers, we remember!

Fourteen years of school may pass, but some memories stay forever. Long after the uniforms are put away and the familiar red-brick walls are left behind, teachers continue to live on in the lives of their students, through a profound lesson, a familiar phrase, or a simple moment that still brings a smile. This Teacher's Day, GT asked a few alumni to revisit their most favourite memories of the teachers who made their school years unforgettable.

"One memory I'll always cherish is from AIMUN Singapore, 2018. My opening ceremony video got rejected at the last moment and wasn't played - I had lost all hope of making the closing ceremony video. Vira ma'am was right there with me. Over the next three days, as I worked to get it right, she made sure I had my meals on time, checked in on how I was feeling, and kept pushing me to not give up. That trip taught me that resilience isn't something you build alone; it's something someone inculcates in you. That's the teacher Vira ma'am has always been. And there were many more. To every teacher who has pushed, supported, and believed in me along the way, thank you for shaping who I am today. Happy Teacher's Day!"

Pratham Maheshwari
AIS Gurugram 43
(Batch of 2020)

"I graduated years ago, yet the love and care we received from our Chairperson Dr (Mrs) Amita Chauhan Ma'am reigns fresh in my heart. It has been even longer since I was in Sunita Chopra ma'am's class, yet the passage of time has only deepened my appreciation for her. I can still feel her warm words on days when everything else feels cold and uncertain. Writing this message made me realise how easily we take for granted the quiet hands that shaped us. Though I haven't reached out or returned to school much since graduating, I now recognise, more than ever, how profoundly her kindness and approachable nature influenced me. For that, I remain deeply grateful. Thanking her today and every day after!"

Anushka Ramesh, AIS Mayur Vihar
(Batch of 2022)

"Back in school, my friends ribbed me about the bond I shared with my teachers, and I didn't realise then how much I loved it. I can't choose one fondest memory because I prize them all - the foremost being our Respected Chairperson Ma'am's gentle guidance. Running after Regina ma'am for approvals, sneaking upstairs to meet Shweta ma'am, joking with Ananya ma'am, and my subject teachers teasing me for never being in class, yet quietly helping me catch up. Most of all, I miss GT. Each member of the GT team seemed to hold a certified degree in giving the warmest hugs. It never felt like school; it felt like family. Thank you for it all. I will carry it with me, always."

Ranya Sharma, AIS Gurugram 46
(Batch of 2025)

"When I think of Monila ma'am, I think of tough love. She was the teacher of whom we were always a little scared. Yet her laugh is something we all strived to conjure. Despite course books being written in this dry manner, I still remember her bringing those stories and lessons to life in the classroom. She was the kind of teacher who made you fall in love with the subject by being genuinely passionate about them and her students. Now, as an adult, I look back at how she carried herself with dignity and strength, and I am grateful that I was in the presence of such a strong woman at a young age. Her classroom will always be something I will remember fondly."

Venika Menon, AIS Noida
(Batch of 2014)

Published and Printed by Mr R.R. Aiyar from E-23, Defence Colony, New Delhi-110024 and printed from Impressions Printing & Packaging Limited, C-18-19-20, Sector-59, Noida, Gautambuddha Nagar, Uttar Pradesh, 201301. Editor Ms Vira Sharma. | Published for the period September 7-13, 2026.

THE GLOBAL TIMES
MONDAY, SEPTEMBER 7, 2026

Around The WORLD

GT keeps the newswire ticking by bringing you news from around the globe

ICELAND

Sovereignty first

The voters in Iceland have rejected a proposal to resume European Union membership negotiations, with nearly 53% voting against it in a closely contested referendum. While supporters argued that joining the bloc could help stabilise their economy and offer geopolitical solidarity amid rising global tensions, the fierce 'No' campaign successfully rallied the country warning that EU membership would force Iceland to share its prized fishing waters and quotas with foreign companies. The result puts the country's EU ambitions on hold.

NORWAY

New reign ahead

Haakon VIII becomes the fourth king to lead the country's modern monarchy, after inheriting the Norwegian throne upon the death of his father, Harald V. More than 20,000 mourners gathered to pay tribute to the late monarch who passed away on August 28 after reigning for 35 years. He formally swore an oath of allegiance before the Parliament on September 1. King Haakon is expected to uphold his father's legacy of service. His daughter, Ingrid Alexandra, is now in line to become Norway's first queen since the 15th century.

USA

Apple's new era

Apple enters a new era as Tim Cook steps down as CEO after 15 years. In a post on X, Cook stated that his "gratitude is endless". Appointed in August 2011, Cook succeeded Steve Jobs and steered Apple from a 350 billion USD valuation into a multi-trillion-dollar tech giant. John Ternus, Apple's hardware chief, will succeed Cook as CEO from September 1. However, this is not the end of Cook's association with Apple as he will take on the position of the company's executive chairman.

AUSTRIA

Royal necklace stolen

A 200-carat platinum necklace set with 673 diamonds has been stolen from Vienna's Museum of Applied Arts by two unmasked men. The suspects allegedly bought tickets before smashing a display case and fleeing with the jewellery during opening hours. The necklace once belonged to Egypt's Queen Consort Nazli and was sold at auction for 4.3 million USD in 2015. This daylight heist is the latest in a series of high-profile thefts targeting European museums.

KENYA

Stella completes test run

A group of 23 Dutch students from Eindhoven University of Technology developed Stella Juva, the world's first solar 'ambulance'. It finished a test run of more than 800km while operating as a mobile health clinic in Kenya. Completely powered by solar panels and equipped with an X-ray machine, an ultrasound, and a vaccine fridge, it could help healthcare reach under-served areas. Stella Juva will now be shipped back to the Netherlands for further innovations.

INDIA

Celebrating checkmates

Grandmaster R Praggnanandhaa staged a comeback from a six-point deficit on the final day to defeat Fabiano Caruana 15-13, becoming the first Indian to win the Grand Chess Tour title. The 21-year-old won a prize of 200,000 USD, taking his tour earnings to 404,354 USD. He also secured an automatic qualification to defend his title in the 2027 Grand Chess Tour. This victory added to his impressive 2026 season after the Norway Chess title and Saint Louis Rapid & Blitz title.



NEPAL

Cascading calamity

A catastrophic flash flood struck Nepal's Rasuwa, Nuwakot, and Dhading districts on August 26, killing over 930 people and leaving more than 4,200 missing. Initially associated with a 5.2-magnitude seismic event, scientists now attribute the tragedy to an ice-rock avalanche following a glacial collapse in the Himalayas. The resulting surge overwhelmed the Bhote Koshi River, devastating communities and infrastructure downstream.

News Flash ▶ IRAN: Tehran attacks US bases in Jordan in response to the US attack on Larak island ▶ CYPRUS: Capsized ferry kills 8 passengers as 18 others remain missing ▶ INDONESIA: Authorities boost wildfire preparations with firefighting aircraft and cloud seeding amid a super El Niño

Mentorship in machine age

How will AI transform the way we learn and teach? The answers are as diverse as the possibilities technology brings. From personalised learning and hybrid classrooms to immersive experiences and enhanced accessibility, the eighth edition of the essay writing competition saw Amity teachers explore both the transformative promise of technology and the enduring, irreplaceable role of teachers.

A true liberator from rote

The promise of this technology is a noble one: the end of the educational 'assembly line'. AI offers the possibility of a truly personal curriculum, a digital companion that adjusts its pace to the heartbeat of the learner. In this light, the machine is a liberator. It handles the rote, the repetitive, and the administrative, theoretically freeing the human teacher to return to their true calling: the cultivation of character, ethics, and the 'why' behind the 'what'.

Arka Batra, AGS Gurgaon

AI saves precious time

AI will likely serve as a tireless tutor, offering a struggling student ten different ways to understand the nuances of a Shakespearean sonnet, or instantly correcting grammar in a way that allows me to focus on the voice of the writer rather than their syntax. This gives us back our most precious resource: time. Time to look a student in the eye, ask why Hamlet's hesitation resonates with them personally, to notice the quiet child in the back row who needs encouragement.

Rashi Keserwani, AIS VKC Lucknow

Topic: How do you think AI will impact the learning and teaching process in the future?

Not limited by borders

The use of AI-enabled teaching devices would encourage collaboration across regions and countries. In other words, students in India would be able to collaborate with students in Russia or America. AI-enabled devices would provide for experiential learning through virtual experiences. Students would be able to go on a trip to the Amazon jungle through VR devices. Virtual labs would become a reality. AI-based pedagogy would provide immersive learning experience in all subjects.

Rodrick Rajive Lal, AIS Gurugram 46

A future hybrid space

Alertness and focus in a classroom are driven by human energy. A teacher's enthusiasm during a derivation, a sudden real-life analogy, or a simple question asked at the right moment can trigger excitement and motivation. Artificial Intelligence can provide accuracy; teachers provide momentum. Just as a calculator did not eliminate mathematicians, AI will not eliminate teachers – it will refine their role.

Neha Yadav, AIMC Manesar

Learning is not effortless

AI can be extremely helpful when used for routine and repetitive tasks. For teachers, it can assist with preparing basic worksheets, organising data, checking objective questions, or managing records. But my bigger concern lies with how students are using AI. Many students now turn to AI for instant answers. Learning, however, is not meant to be effortless. When students stop challenging themselves, they miss out on developing critical thinking, creativity, and problem-solving skills – qualities that are essential for their future.

Shilpi Bhatia, AIS Mohali

The future lies in mentorship

While a machine can handle the 'what' of a subject, it cannot touch the 'why' and 'how'. It cannot sense a student's brewing home crisis or a sudden and quiet loss of confidence. This is where we thrive. The future of teaching is mentorship, being the psychological and moral guides who focus on purpose and empathy. Organisations must stop worrying about the inconvenience of redesigning old systems and instead fight for AI equity, ensuring that 'premium AI' doesn't create a new class divide.

Surbhi Chandra, AIS Mayur Vihar

Education is about feelings

Fifteen years of my teaching journey have taught me that technology can accelerate the pace of learning, but it cannot create the experience of learning. The very experience that draws children around me as I tell them a story, that creates a moment of silence before the applause at the end of a poem. These two lines express my thoughts – 'If knowledge were merely data, teaching would be simple; But education is about touch – it must be felt'.

Swati Raj, AIS Noida

THE GLOBAL TIMES
MONDAY, SEPTEMBER 7, 2026

Students learn at their own pace

Teachers will now be able to focus more on student engagement and their overall development instead of spending time on administrative tasks such as checking answer sheets and preparing report cards. Through AI tools, teachers can prepare engaging educational material and question papers within minutes, saving them considerable time. Teachers can identify which concepts are difficult for which students and accordingly modify their classroom teaching methods. Hence, the future of learning will not be the same for every child. AI-powered platforms will enable students to progress according to their individual pace of understanding.

Priyanka, Amitasha Gurugram

Importance of inclusivity and accessibility

Personalised learning will be one of AI's most important contributions. It is difficult to meet each student's unique learning needs in a traditional classroom. Emerging AI systems can identify learning gaps and suggest improvements, enabling continuous assessment. This allows teachers to focus more on mentoring, discussion, and creative instruction. AI's capacity to advance inclusivity along with assistive technologies also help students with learning challenges. AI, however, cannot take the place of a human teacher. Education fosters values, emotional intelligence, creativity, and critical thinking in addition to imparting knowledge.

Bhavna Sharma, AIS Gurugram 46

A mentor-mentee bond

Being with my students is the best time of the day as I not only teach or share my knowledge with them but I also get to learn so much from them. These exchanges develop a strong bond between the mentor and the mentee, helping share both tangible and intangible values, which AI solely can never accomplish. Every now and then, when we watch some videos together, the discussions after those are so fruitful. Each student participates, full of ideas and energy, and no one wants to be left behind. Yes, the use of AI is imperative, but it should always be a human-led session, to bring out the best of both the worlds.

Shweta Tomar, AIS Vasundhara 6

A tool for assistance



AI can help teachers check homework, prepare lessons, and track students' progress. This will reduce their workload. With this additional time, teachers can focus more on helping those who need additional support. So, AI will not replace teachers, as teachers are important for motivating students, teaching values, and supporting their emotional development. AI is only a tool to assist teachers and students. Human interaction will always remain an important part of education. AI should be used carefully. Students should not become too dependent on it, and schools should teach students to use AI responsibly.

Bharti, Amitasha Saket

Personalised experience

Classrooms have typically operated like assembly line factories: one syllabus, one schedule, one definition of success. AI overturns this inflexibility. Classrooms change minute by minute. Testing becomes dialogue, not judgment, as errors become the data that leads to improvements. But the modern classroom operates under the direction of algorithms only to a point. The value of human passions like empathy or the kindling of inspiration is beyond AI. A computer program may recognise a gap in understanding, but it cannot sense the twinkle of comprehension in the eyes of students. These are the functions reserved for the teacher.

Tanu Chaudhary, AIS Noida

Advantage for mixed-ability classrooms



AI-powered learning platforms can analyse student performance and adjust different tasks, pace, and feedback accordingly with accuracy. This can be especially helpful in mixed-ability classrooms, where it is difficult to meet every learner's needs at the same time. Students who are struggling can receive extra practice and explanations, while more confident learners can move ahead without feeling held back. AI can also help teachers manage their workload more effectively. Automated marking of routine assignments, attendance tracking, and basic data analysis can save significant time. Instead of spending hours on repetitive tasks, teachers can focus on what matters most: meaningful feedback, discussions, and building relationships with students.

Shalini Ramaul, AIS Gurugram 43

For an inclusive education

Teachers will no longer merely be providers of information, but will become valued creators. Tasks such as assessments and attendance will be simplified by AI, allowing teachers to focus more on the creative development of students. The impact of AI can be understood through the couplet: "Like a lamp on the path of knowledge, AI will spread light: Learning with teachers will lead to greater growth and insight." In the future, smart tours and instant feedback will become commonplace. Students in remote areas will also be able to access quality education. In this way, education will become more inclusive, accessible, and empowering.

Anurag Kumar Pandey, AIS Jagdishpur

All the experiences shared on page 3-4 are extracts from the winning essays penned by teachers as part of the eighth essay writing competition conducted under the guidance of Chairperson, Amity Group of Schools & RBEF, Dr (Mrs) Amita Chauhan, on the special occasion of Teachers' Day 2026.

हिन्दी दिवस विशेषांक

द ग्लोबल टाइम्स

सोमवार, सितंबर 7, 2026

हिन्दी अंतरात्मा की भाषा है

इसे भाषा कहना उसके वास्तविक विस्तार को सीमित करना होगा

अथर्व परुथी, ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल, नौएडा, कक्षा 10 ओ (सिंक्रो)

हिन्दी में आत्मीयता का विकास है,
हर शब्द जैसे हृदय में उल्लास है,
यह भारत की आत्मा का गौरव ज्ञान है,
यह संस्कृति की भव्य पहचान है,
यह मेरा चिंतन, मेरा अभिमान है,
हिन्दी ही मेरा सच्चा सम्मान है।



हिन्दी केवल वर्णमाला और व्याकरण का संग्रह नहीं बल्कि भारत के हृदय की धड़कन है। यह मन की वीणा है जिसकी हर तार में रस, करुणा, प्रेम तथा शौर्य के स्वर निकलते हैं। यह एक सॉंस्कृतिक धरोहर है जिसने रामचरितमानस से लेकर छायावाद तक का सफर किया है। भारत की विविधताओं के बीच, हिन्दी ऐसी भाषा है जिसने करोड़ों लोगों को भावनात्मक रूप से जोड़ने का कार्य किया है। यह संवाद के साथ-साथ भारतीय जनमानस की भावनाओं, संस्कारों और संस्कृति की सशक्त अभिव्यक्ति है। यह विश्व की तीसरी सबसे बड़ी भाषा है। दुनिया भर के 176 विश्वविद्यालयों में हिन्दी में पढ़ाई जाती है। वैश्वीकरण और आधुनिकता के युग में 61 करोड़ से अधिक लोग हिन्दी को अपनाते हैं। प्रवासन, व्यापार और मीडिया के माध्यम से इसका हमेशा प्रचलन बढ़ा है।

हिन्दी सिर्फ भाषा नहीं, अपितु एक भावनात्मक सम्प्रेषण है। जैसे– 'माँ' शब्द में जो ममता है और 'मिट्टी' शब्द में जो सुगन्ध है, वह केवल हिन्दी में ही गहराई से कही जा सकती है। हिन्दी अंतरात्मा की भाषा है, इसे एक भाषा कहना उसके वास्तविक विस्तार को सीमित करना होगा, यह भारत के प्राणों की संपदा है। हमें गर्व है कि हमारा विद्यालय आधुनिकता के साथ-साथ हिन्दी भाषा के संवर्धन के लिए निरंतर प्रयासरत रहता है। विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों के माध्यम से हिन्दी को बढ़ावा दिया जाता है। यह सब हमारे विद्यालय की प्रतिष्ठित चेयरपर्सन श्रीमती डॉ. अमिता चौहान मैडम के मार्गदर्शन में संभव हो पाता है। उनका हिन्दी भाषा के प्रति समर्पण और प्रेम हमारे लिए प्रेरणा स्रोत है। मैं गर्व से इसे अपनाता हूँ, हर पल इसे गुनगुनाता हूँ। जी टी

जीवनपर्यंत शिक्षक, आजीवन विद्यार्थी

डॉ. (श्रीमती) अमिता चौहान
चेयरपर्सन

शिक्षा केवल ज्ञान का प्रसार नहीं बल्कि जीवन का रूपांतरण है। शिक्षा का लक्ष्य समग्र विकास, नैतिक मूल्यों का समावेश और युवाओं को जिम्मेदार वैश्विक नागरिक बनाना है। समय के साथ छात्र कई पाठ तो भूल सकते हैं, किन्तु वे उन गुरुओं को कभी नहीं भूलते जिन्होंने उन्हें प्रेरित किया। गुरुओं के पास बच्चों के भविष्य और उनके माध्यम से राष्ट्र के भविष्य को आकार देने की शक्ति होती है। हाल ही में 5 सितंबर को हमने शिक्षक दिवस मनाया जिसमें हमने ऐमिटी के शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा रचित सर्वश्रेष्ठ निबंधों को सम्मानित किया। यह निबंध सिर्फ हमारे शिक्षकों की लेखनी ही नहीं बल्कि पढ़ाने और सिखाने को लेकर उनकी सोच, उनके जूनून का प्रतिबिम्ब है। भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम कहते थे कि इस जीवन में हमें सदैव एक विद्यार्थी बने रहना चाहिए ताकि, हम निरंतर कुछ नया सीखते रहें और नए बदलाव लेकर आएँ। निरंतर सीखने की यही आदत और शिक्षण के प्रति जुनून, ही वह गुण हैं जो एक असाधारण शिक्षक की पहचान बनते हैं।

ऐमिटी में अपने शिक्षक/शिक्षिकाओं को लगातार सीखते रहने के लिए प्रेरित करने हेतु हम प्रोफेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम कराते हैं जिसमें ऐमिटी के अनुभवी शिक्षाविदों के अलावा उत्कृष्ट संस्थानों से शिक्षाविदों और विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाता है। आप में से बहुतों ने यह ट्रेनिंग की होगी, कुछ नया सीखा होगा और वापस कक्षा में जाकर पढ़ाने के तरीकों के नए प्रयोग किये होंगे और आपको हर बार अपने अंदर एक नई प्रेरणा मिली होगी।

यही शिक्षक सशक्तिकरण शैक्षिक उत्कृष्टता की आधारशिला है। आज ऐमिटी हमारे फाउंडर प्रेसिडेंट के 2047 के विकसित भारत के सपने को जीवंत करने की ओर अग्रसर है और आप सब इसका केंद्र बिंदु हैं, अतः एक जीवनपर्यन्त विद्यार्थी बनिए, लगातार सीखते रहिए, अपनी रचनात्मकता को नए पंख दीजिए और सक्षम, सशक्त, आत्मविश्वासी, रचनात्मक एवं दयालु नागरिकों को विकसित कर भारत राष्ट्र के भविष्य के निर्माता बनिए।

अच्छे अंक महत्वपूर्ण हो सकते हैं परंतु वे आपके व्यक्तित्व का सम्पूर्ण परिचय नहीं हैं

आनंद कुमार पांडेय उत्तर प्रदेश सरकार के 'समग्र शिक्षा' अभियान में गुणवत्ता इकाई में वरिष्ठ विशेषज्ञ/सहायक निदेशक हैं। प्राथमिक और बुनियादी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए बनी विभिन्न रणनीतियों के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन आप देखते हैं। गत 20 वर्ष से शिक्षा क्षेत्र में आपका योगदान है। आपके अनुसार, सच्ची शिक्षा केवल ज्ञान नहीं देती, वह मनुष्य को संवेदनशील और उत्तरदायी भी बनाती है। **ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल, विराज खंड, लखनऊ, की छात्रा इशिता चंद्रा, कक्षा 8 ए, ने उनसे विभिन्न** पहलुओं पर बात की। प्रस्तुत हैं प्रमुख अंशः

सर, अपने प्रारंभिक जीवन के बारे में बताइए। आपको शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने की प्रेरणा कहाँ से मिली?

मेरा बचपन एक छोटे से गाँव में बीता। पीछे मुड़कर देखता हूँ तो लगता है, तब संसाधन भले सीमित थे लेकिन जीवन अनुभवों और सीखों से बहुत समृद्ध था। तब कोचिंग या डिजिटल संसाधन नहीं थे। गाँव का जीवन बहुत सादगीपूर्ण था। परिवार और समुदाय के साथ मिलकर जीने की संस्कृति थी। वहीं से श्रम, अनुशासन, सामूहिकता और संवेदनशीलता जैसे जीवनमूल्य सीखने को मिले। आज शिक्षा के क्षेत्र में जो भी कार्य करने का अवसर मिला है उसकी प्रेरणा कहीं न कहीं उसी गाँव की पगडंडियों, उन संघर्षों, उन शिक्षकों, और उन अनुभवों से आती है।

छोटी उम्र से ही बच्चों पर प्रतियोगी परीक्षाओं का दबाव डाला जाता है। इस पर आपकी प्रतिक्रिया क्या है?

मैं इस प्रवृत्ति के विरुद्ध हूँ। मेरा मानना है कि आठवीं कक्षा के बाद से ही बच्चों को केवल प्रतियोगी परीक्षाओं की मशीन बनाकर तैयार करना न तो शिक्षा का उद्देश्य है और न ही स्वस्थ समाज की पहचान। यह प्रवृत्ति बच्चों के बचपन, रचनात्मकता और भावनात्मकता के संतुलन को समाप्त कर रही है। माता-पिता और बच्चों के बीच संवाद कम हो रहा है और घर में बातचीत का केंद्र अंक, रैंक और सेलेक्शन बन गया है। यदि बच्चा विज्ञान, गणित या किसी विशेष प्रतियोगिता में औसत है तो इसका अर्थ यह नहीं कि वह जीवन में असफल हो जाएगा। अभिभावकों को बच्चों पर अनावश्यक प्रतिस्पर्धात्मक दबाव डालने के बजाय इन बातों पर ध्यान देना चाहिए कि वे अन्य बच्चों के साथ नियमित और खुला संवाद करें, उनकी रुचियाँ और क्षमताओं को समझें और खेल, कला, पठन-पाठन और सामाजिक अनुभवों के लिए पर्याप्त अवसर दें।

आज शिक्षा प्रणाली में डिजिटल टूल्स, ऐप्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का चलन बढ़ा है। क्या यह सही है?

आज की शिक्षा में नयी तकनीकों का समावेश आवश्यक तो है लेकिन तकनीक कभी भी शिक्षक, मानवीय संवाद और वास्तविक सीखने का विकल्प नहीं बन सकती। आज जिस प्रकार डिजिटल साधनों, मोबाइल एप्स, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और **कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)** को शिक्षा का केंद्र बनाया जा रहा है वह सावधानी और संतुलन की मांग करता है। यदि तकनीक का उपयोग विवेकपूर्ण ढंग से न किया जाए तो यह शिक्षा को गहराई से समझने की प्रक्रिया के बजाय केवल सूचना प्राप्त करने तक सीमित कर सकती है। तकनीक शिक्षा को सुलभ और प्रभावी बनाती है, लेकिन यह शिक्षक का विकल्प नहीं हो सकती।

युवा पीढ़ी के लिए आपका क्या संदेश है?

जीवन को अंकों, रैंक और प्रतियोगिताओं तक सीमित मत कीजिए। अच्छे अंक महत्वपूर्ण हो सकते हैं पर वे आपके व्यक्तित्व का सम्पूर्ण परिचय नहीं हैं। अपनी जिज्ञासा को जीवित रखिए, प्रश्न पूछिए, पढ़िए, खेलिए और असफलताओं से सीखिए। टेक्नोलॉजी तेजी से बदल रही है, ऐसे में केवल रटकर सीखना पर्याप्त नहीं होगा। जो सोचने, समझने, सहयोग करने और नए विचार उत्पन्न करने की क्षमता विकसित करेंगे वही आगे बढ़ेंगे। अपनी तुलना दूसरों से नहीं बल्कि अपने कल से कीजिए। जी टी

मोबाइल फोन की आत्मकथा

दर्श बिंदल, ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल, गुरुग्राम सैक्टर 46, कक्षा 4 डी

नमस्ते! मैं स्मार्टफोन हूँ। मेरा जन्म एक बड़ी फैक्ट्री में हुआ था पर आज आपकी जेब में रहने वाला आपका छोटा और प्यारा दोस्त बन गया हूँ। मैं आपके बहुत काम आता हूँ। मेरे जरिए आप ऑनलाइन क्लास ले सकते हैं और इंटरनेट से नई बातें सीख सकते हैं। मेरे पास एक कैमरा है जिससे मैं आपकी खुशियों को तस्वीरों में कैद कर लेता हूँ। जब आप बोर होते हो, तो मैं आपको गेम्स और कार्टून भी दिखाता हूँ। इसके अलावा आप रिश्तेदारों से वीडियो कॉल भी कर सकते हैं। लेकिन कभी-कभी लोग मेरा गलत इस्तेमाल करते हैं। बहुत देर तक मेरी स्क्रीन देखने से आपकी आँखें थक सकती हैं। कुछ बच्चे पढ़ाई छोड़कर घंटों मुझ पर गेम खेलते हैं, जिससे उनका समय बर्बाद होता है। मैं वरदान हूँ अगर आप मेरा सही इस्तेमाल करें। मुझे जरूरत के समय ही चलाएँ और बाकी समय अपनों के साथ बिताएँ।

द ग्लोबल टाइम्स
सोमवार, सितम्बर 7, 2026

परंपरा विज्ञान की दुश्मन नहीं

आज भारत में हर परिवार कैंसर से लड़ना सीख रहा है

अस्मिता कुमार, ऐमिटी ग्लोबल स्कूल, नौएडा, कक्षा आईजी2,

ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्
उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्॥
(हे शिव, हमें मृत्यु से निर्भयता और रोग से मुक्ति प्रदान कीजिए।)

किसी ऐसे इंसान के बारे में सोचिए जिसे आप प्यार करते हैं। आपकी दादी जो सबसे अच्छी कहानियाँ सुनाती हैं, आपका पड़ोसी जो हमेशा दिवाली पर लड्डू लाता है, आपका दोस्त जो शाम को आपके साथ क्रिकेट खेलता है। कैंसर को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह किसे छूता है— वह किसी भी दरवाजे पर दस्तक दे सकता है। दुनिया भर में, नंबर चौंकाने वाले हैं। वर्ल्ड कैंसर रिसर्च फंड के अनुसार, भारत में अकेले 2022 में 14 लाख से ज्यादा नए कैंसर के मामले और लगभग 9.2 लाख मौतें दर्ज की गईं। ये सिर्फ. आँकड़े नहीं हैं, हर नंबर के पीछे आपका और मेरा जैसा परिवार है, जो कैंसर से लड़ना सीख रहा है।

मॉडर्न मेडिसिन से बहुत पहले भी कैंसर की बीमारी का जिक्र आता है। अथर्व वेद में अर्बुद का ज़िक्र है, जो एक असामान्य सूजन है। ऋग्वेद में यक्ष्मा का ज़िक्र है, जो शरीर को कमजोर करने वाली बीमारी है। 'चरक संहिता' और 'सुश्रुत संहिता' में, ऋषियों ने ट्यूमर के बारे में बहुत विस्तार में बताया और वर्गीकृत किया है। उन्होंने यह भी बताया कि कब उनका इलाज नहीं हो सकता। पुराने सर्जन सुश्रुत ने रक्तार्बुद के बारे में बताया, यह एक ब्लड ट्यूमर है। आज हम जिस ल्यूकेमिया की बात करते हैं, उससे काफी मिलता–जुलता है।

औषध दर्शन में आयुर्वैदिक पौधों की जानकारी है। जड़ी–बूटी कर्कटश्रृंगी को एक खास नाम से बुलाता है– कर्क रोग नाशिनी। अर्थात् ट्यूमर को खत्म करने वाली। हमारे पुरखों का मानना था कि कुदरत के पास ही इस रोग का सटीक हल है, और वे सही थे।

हाल ही में हुई एक अध्ययन में वैज्ञानिकों ने पाया कि सरसों के बीज — वही सरसों जिसका इस्तेमाल हम रोजाना खाना पकाने में करते हैं — में एक ताकतवर एंटी–कैंसर कंपाउंड होता है। इससे भी ज्यादा मजेदार बात यह है कि पारंपरिक कोल्हू (लकड़ी का कोल्ड–प्रेस) तरीका इस कंपाउंड को महँगी और आधुनिक मशीनों से बेहतर तरीके से निकालता है। जिस तरह से हमारी दादी–नानी धैर्य और देखभाल से तेल बनाती थीं, वह ज्यादा बेहतर साबित होता है। यह साबित करता है कि परंपरा और विज्ञान दुश्मन नहीं हैं; वे सहयोगी हैं।

एक प्रेरक प्रसंग याद आता है। वर्ष 2023 में, 44 साल का एक आदमी तेज बुखार, बहुत ज्यादा थकान और पेट दर्द के साथ आया जो ठीक नहीं हो रहा था। परीक्षण करने पर पता चला कि उसे एक बहुत रेयर और गंभीर ब्लड कैंसर है। उसका इलाज पुराने आयुर्वैदिक तरीकों — कायाकल्प क्वाथ, गोधन अर्क, और पुराने ग्रंथों में मौजूद दूसरे हर्बल नुस्खों से किया। नतीजा हैरान करने वाला था। उसका ब्लड काउंट लगभग नॉर्मल हो गया, उसकी स्प्लीन सिकुड़कर अपने असली साइज में आ गई, और उसकी एनर्जी वापस आ गई। यह कोई झूठ नहीं है; यह एक असली, पब्लिश्ड केस स्टडी है। यह दिखाता है कि जब हम अपनी परंपराओं की सबसे अच्छी चीजों को ध्यान से, मॉडर्न देखभाल के साथ मिलाते हैं, तो उम्मीद सच हो जाती है। आसान कदम, रोजमर्रा की आदतों से शुरू होता है। खाना पकाने में कोल्ड–प्रेस्ड सरसों का तेल इस्तेमाल करें। अपने खाने में हल्दी, अदरक और तुलसी डालें — सिर्फ.स्वाद के लिए नहीं, बल्कि सेहत के लिए भी। हर सुबह दस मिनट के लिए भी योग और गहरी साँस लेने की प्रैक्टिस करें; अब 130 से ज्यादा स्टडीज से पता चलता है कि इससे मन शांत होता है और शरीर मजबूत होता है। हमारे दादा–दादी जो सादा, मौसमी खाना खाते थे, वही खाएँ— साबूत अनाज, दालें, ताजी सब्जियाँ। और सबसे जरूरी बात, नियमित जाँच करवाएँ।

कैंसर भले ही डरावना शब्द हो, लेकिन हम ऐसे लोग हैं जिन्होंने हजारों सालों से समझदारी और हिम्मत से चुनौतियों का सामना किया है। हमारे धर्मग्रंथों ने हमें इंसान को पूरी तरह से देखना सिखाया है। हमारी रसोई हमें बीमारियों से सुरक्षा करती है। हमारी सरकार मदद के लिए तत्पर है। जी टी



बढ़ता मानसिक तनाव

असफलता से घबराने की बजाय उससे सीख लो

अनिका त्रिवेदी, ऐमिटी इटरनेशनल स्कूल, वृंदावन योजना, लखनऊ, कक्षा 7 ए

शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ती प्रतियोगिता, उच्च अंक पाने की होड़ तथा भविष्य की चिंता ने विद्यार्थियों के जीवन को तनावपूर्ण बना दिया है। मानसिक तनाव और चिंता अब केवल वयस्कों तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि विद्यालय और महाविद्यालय के विद्यार्थी भी इससे प्रभावित हो रहे हैं। यह समस्या आज समाज और शिक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है। मानसिक तनाव वह स्थिति है, जब व्यक्ति किसी दबाव, भय या समस्या के कारण मानसिक रूप से अस्थिर महसूस करता है। चिंता एक ऐसी भावना है जिसमें व्यक्ति भविष्य की घटनाओं को लेकर असुरक्षा अनुभव करता है। विद्यार्थियों में यह स्थिति पढ़ाई, परीक्षा, करियर तथा सामाजिक अपेक्षाओं के कारण अधिक देखने को मिलती है।

विद्यार्थियों में मानसिक तनाव के कारण अनेक कारण हैं। उदाहरण के लिए, प्रत्येक विद्यार्थी अपने साथियों से आगे निकलना चाहता है। अच्छे अंक लाने और श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का दबाव विद्यार्थियों को तनावग्रस्त कर देता है। कई बार माता–पिता अपने बच्चों से अत्यधिक अपेक्षाएँ रखते हैं। जब विद्यार्थी उन अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर पाते, तो वे निराशा और चिंता का शिकार हो जाते हैं। परीक्षा के समय असफलता का डर विद्यार्थियों के मन में चिंता उत्पन्न करता है। कई विद्यार्थी परीक्षा के कारण अत्यधिक दबाव महसूस करते हैं। मोबाइल फोन और सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग विद्यार्थियों की एकाग्रता को प्रभावित करता है। मानसिक तनाव दूर करना बहुत जरूरी है। इसके लिए विद्यार्थियों को नियमित दिनचर्या बनाकर पढ़ाई और मनोरंजन के बीच संतुलन बनाए रखना चाहिए। योग, प्राणायाम और ध्यान मानसिक शांति प्रदान करते हैं। विद्यार्थियों को असफलता से घबराने के बजाय उससे सीख लेने की आदत विकसित करनी चाहिए। माता–पिता और शिक्षक विद्यार्थियों पर अनावश्यक दबाव न डालें तथा उन्हें प्रोत्साहित करें, अच्छी नींद, खेलकूद और मनोरंजन मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं। यदि कोई विद्यार्थी तनाव महसूस करे, तो उसे अपने माता–पिता, शिक्षक या मित्रों से खुलकर बात करनी चाहिए।

यदि समय रहते इस पर ध्यान न दिया जाए, तो यह विद्यार्थियों के भविष्य और समाज दोनों के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकता है। आवश्यकता इस बात की है कि विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक और समाज मिलकर ऐसा सकारात्मक वातावरण बनाएँ। जी टी

ध्यान से ज्ञान की ओर

अद्वया राजेश
ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल, साकेत, कक्षा 9 ई

सुबह आँख खुलते ही पहले क्या याद आता है? आज स्कूल में टेस्ट है... होमवर्क पूरा नहीं हुआ, अगर कम नंबर आए तो? और फिर शुरू होती है वही दौड़– स्कूल, कॉपी, पुस्तकें, ट्यूशन, प्रोजेक्ट, डाँट, तुलना धीरे–धीरे बच्चा पढ़ तो रहा होता है, लेकिन अंदर से थक चुका होता है। जब हम पुस्तक लेकर बैठते हैं, पर दिमाग कहीं और घूम रहा होता है। कभी पुराने झगड़े याद आते हैं, कभी आने वाले टेस्ट का डर, और कभी बिना वजह मन खराब लगता है। ऐसे में ध्यान किसी जादू से कम नहीं है।

ध्यान क्या है? ध्यान का मतलब घंटों बैठकर तपस्या करना नहीं है। ध्यान का अर्थ है अपनी साँसों पर नियंत्रण। हमने प्राण को नहीं देखा परन्तु हम प्राण पर नियंत्रण पा सकते हैं, इसीलिए ध्यान करने का सबसे प्रचलित तरीका– प्राणायाम है। प्राणायाम अर्थात्: प्राण (जीवन शक्ति या साँस) + आयाम (विस्तार या नियंत्रण)। जब बच्चा ध्यान करता है, तो धीरे–धीरे उसका मन शांत होने लगता है। जो बातें पहले कठिन लगती थीं, वे सरल लगने लगती हैं। पढ़ाई में ध्यान बढ़ता है, क्रोध कम होता है और छोटी–छोटी बातों पर रोना या परेशान होना भी कम हो जाता है।

आज की सबसे बड़ी समस्या यह नहीं है कि बच्चे पढ़ते नहीं हैं। समस्या यह है कि बच्चों का मन कभी शांत ही नहीं रहता। इसलिए प्रतिदिन केवल 5 मिनट स्वयं को दीजिए। हो सकता है वही 5 मिनट आपका पूरा जीवन बदल दें। जी टी

अंकों से ज्यादा कौशल के मायने

अक्षत तिवारी
ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल, ग्वालियर, कक्षा 9

पूरी दुनिया में, लगभग हर छात्र एक बड़ी समस्या का सामना करता है। उन्हें प्रतिशत की दौड़ का हिस्सा बनने की शिक्षा दी जाती है। जब हम उच्च कक्षाओं में प्रवेश करते हैं, हमारा ध्यान अंतिम परीक्षा पर केंद्रित हो जाता है। इसका छात्रों पर गहरा प्रभाव पड़ता है– उनके पास उच्च अंक तो होते हैं, लेकिन व्यावहारिक कौशल शून्य। हम में से अधिकांश लोग लंबी उत्तर पुस्तिकाओं और सूत्रों को याद करने में रातें बिताते हैं, केवल उन्हें कागज पर लिखने के लिए और अगले ही दिन उन्हें भूल जाने के लिए। हम रट्टा मारना तो जानते हैं लेकिन वास्तविक जीवन की समस्याओं को हल करना नहीं जानते। जब लक्ष्य 95% से अधिक अंक प्राप्त करना होता है तो छात्र जोखिम लेने से डरते हैं। यदि इसे ठीक करना है तो हमें अपनी मानसिकता में बदलाव लाना होगा। शिक्षा का मतलब केवल किताबी ज्ञान तक सीमित होना नहीं है बल्कि मॉडल बनाना, प्रयोग करना, चुनौती स्वीकार करना और सामुदायिक समस्याओं को हल करना होना चाहिए। किताबी कीड़ा बनने की बजाय चीजों को ठीक करने तथा समस्या का प्रबंधन करने के तरीके सीखें। बच्चों के अंकों की तुलना अन्य छात्रों के अंकों से न करें, इससे एक बेहतर दुनिया बनाने में मदद मिलेगी। जी टी

शब्दों का गौरव

आद्या गोस्वामी, ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल
वसुंधरा सैक्टर 1, कक्षा 10सी

विश्व-बाजार के युग में कक्षा 10 का अनंत अपने आप को वैश्विक नागरिक कहता था। उसके शब्दकोश में कूल, ट्रेंड और वाइब जैसे शब्दों ने अनुपम, उत्सव और संस्कृति को विस्थापित कर दिया था। हिन्दी बोलने में उसे संकोच होता था, मानो वह किसी पिछड़ेपन का प्रतीक हो। 14 सितंबर का दिन था। विद्यालय के सभागार में हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन था। अनंत अनमने मन से बैठा था। तभी मंच पर 85 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी, सरस्वती देवी को आमंत्रित किया गया। उनके हाथ काँप रहे थे, पर स्वर दृढ़ था। सन् 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में जब अँग्रेजों ने हम पर गोलियाँ चलाईं, वह बोलीं, तब हम इंकलाब ज़िंदाबाद के नारे हिन्दी में लगाते थे। जेल की दीवारों पर हमने कोयले से वन्दे मातरम् हिन्दी में लिखा था। भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं होती, वह अस्मिता का शंखनाद होती है।

उन्होंने अपनी झोली से एक जर्जर-सी चिट्ठी निकाली, यह मेरे पति का अंतिम पत्र है, जो उन्होंने फाँसी से पहले लिखा था। आप सुनोगे? सभागार निशब्द हो गया। सरस्वती देवी ने पढ़ाः प्रिये, मैं जा रहा हूँ, पर दुखी मत होना। मेरा शरीर मिट जाएगा, पर जब तक इस देश में कोई किसान अपना दुख कहेगा, कोई माँ अपने बच्चे को लोरी सुनाएगी तब तक मैं अमर रहूँगा क्योंकि माँ की लोरी और किसान का दर्द हिन्दी भाषा में ही तो होगा। अगर भाषा मर गई तो केवल मनुष्यों का समूह बचेगा, राष्ट्र की आत्मा नहीं।

अनंत के नेत्र सजल हो गए। उसे अपने पिता के शब्द याद आए, जो हमेशा कहते थे, बेटा, अँग्रेजी सीखना बुद्धिमता है, पर अपनी भाषा भूलना कृतघ्नता है। उसी क्षण उसने निश्चय किया कि अब वह हिन्दी को अपनाएगा। अगले दिन उसने प्रार्थना सभा में हिन्दी दिवस पर सम्बोधन दिया। उसने कहा, 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिन्दी को राजभाषा के रूप में अंगीकार किया। यह केवल एक प्रांत की नहीं, समस्त भारत को एक सूत्र में पिरोने वाली भाषा का सम्मान था। आज जब हम एआई और कोडिंग की बात करते हैं, तब भी हिन्दी में सोचना हमें मौलिक बनाता है। विकास के पथ पर दौड़ते हुए यदि हम अपनी जड़ों को भूल जाएँ, तो हम बिना नींव की इमारत बन जाएँगे।

उस दिन अनंत ने समझा कि हिन्दी दिवस केवल उत्सव नहीं, उत्तरदायित्व है। यह आत्ममंथन का अवसर है कि हम अपनी समृद्ध साहित्यिक विरासत, प्रेमचंद की वास्तविकता, निराला के क्रांति-स्वर और दिनकर की ऊर्जा को कितना सहेज पा रहे हैं।

शिक्षाः भाषा भी राष्ट्र की आत्मा है। हिन्दी को अपनाना पिछड़ापन नहीं, अपनी संस्कृति, अपने इतिहास और अपने स्वाभिमान के प्रति निष्ठा है। वैश्वीकरण के दौर में हिन्दी ही वह सेतु है जो हमें हमारी मिट्टी से जोड़ती है। जी टी

छोटी रोशनी, बड़े हौसले

साराह सरवर, ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल
सैक्टर 43, गुरुग्राम, कक्षा 6

जिया एक छोटे से गाँव में रहती थी। उसके परिवार के पास ज्यादा पैसे नहीं थे लेकिन उसके दिल में एक बड़ा सपना था। वह पढ़-लिखकर कुछ अच्छा करना चाहती थी। हर सुबह वह जल्दी उठती थी। घर के कामों में माँ की मदद करती और फिर तैयार होकर स्कूल के लिए निकल जाती। जिया के हौसले उसे ये सब करने के पंख देते ।

जिया अपने शिक्षकों की बातें ध्यान से सुनती थी और सब कुछ समझने की कोशिश करती थी। एक दिन शिक्षक ने विद्यार्थियों से पूछा कि वे भविष्य में क्या बनना चाहते हैं? किसी ने कहा- डॉक्टर, किसी ने पुलिस अधिकारी और किसी ने शिक्षक बनने की बात कही। जिया ने कहा, "मैं बस पढ़ना और नई-नई चीजें सीखना चाहती हूँ।" कई बच्चे उस पर हँसे, लेकिन शिक्षिका मुस्कुराईं, क्योंकि वह जानती थीं कि सबसे सरल सपने ही सबसे अच्छे होते हैं।

रात में जब सब लोग आराम कर रहे होते थे, बिजली नहीं होती थी, जिया अपनी किताबें लेकर घर के पास एक स्ट्रीटलाइट के नीचे बैठकर पढ़ती थी। कई लोग उसे देखकर उस पर गर्व करते और कई उसे चिढ़ाते, उसका मजाक उड़ाते और कहते, तुम क्यों पढ़ रही हो? इससे तुम्हारा भविष्य नहीं बदलेगा। जिया बस मुस्कुराती और अपनी पढ़ाई जारी रखती थी। दिन बीते और उसने परीक्षा में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। जब शिक्षक ने परिणाम घोषित किया, तो पूरा कमरा यह सुनकर एकदम शांत हो गया कि जिया पूरे राज्य में प्रथम आई थी। जिया बहुत खुश थी । उसकी सारी मेहनत, स्ट्रीट लाइट के नीचे बिताई गई वे सारी रातें आखिरकार रंग लाईं। जो छात्र उस पर हँस रहे थे, जो गाँव वाले उसे चिढ़ा रहे थे, अब सब ताली बजा रहे थे। फिर शिक्षक ने उसे मंच पर बुलाया और कहा, आज जिया ने हमें दिखाया है कि एक छोटी सी रोशनी भी हमें सफलता तक ले जा सकती है। जिया मुस्कुरा रही थी। वह जानती थी कि उसकी यात्रा अभी शुरू हुई है लेकिन उसने एक बात साबित कर दी थी कि हौसले अगर सच्चे हों तो छोटी रोशनी भी सूरज बन जाती है। जी टी

अंतिम सिक्का

रेयांश गुप्ता, ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल,
नवी मुंबई, कक्षा 6

अर्जुन की जेब में एक ही सिक्का था और घर में बीमार माँ उसकी राह देख रही थी। रास्ते में उसे पैसों से भरा थैला मिला। थैला देखकर अर्जुन खुशी से उछल गया। उसने सोचा इतने पैसे, अब माँ की दवा ले लूँगा। पर अगले ही पल उसके अंतर से एक आवाज आई- किसी की ज़िंदगी भी तो इसी में होगी। एक पल में सब बदल सकता था, अर्जुन ने अपने अंतर की आवाज सुनी और थैले को पुलिस चौकी में दे आया। वहाँ उसे पता चल कि वे पैसे एक मजदूर के थे। उसने वे पैसे अपनी बेटी की सर्जरी के लिए दिन-रात मेहनत करके इकट्ठा किए थे। अर्जुन बिना दवा लिए रात को घर पहुँचा तो माँ ने पूछा, 'दवा'?

अर्जुन बोला, 'नहीं ला पाया माँ... पर किसी की साँसें बचा दीं। इसके बाद उसने पैसे से भरा थैला मिलने की बात माँ को बताई।

सुनकर माँ की आँखें भर आईं। माँ ने कहा, बेटा! आज तू सबसे अमीर है। धन से नहीं, पर दिल और दयालुता से। जी टी

ईर्ष्या पर धैर्य की जीत

विवान कुमर, ऐमिटी ग्लोबल स्कूल,
गुड़गाँव, कक्षा 7

माधव कक्षा सात का होनहार छात्र था। हर क्षेत्र में वह मेहनत और लगन से सबका ध्यान आकर्षित कर लेता था। माधव की सबसे बड़ी विशेषता थी- उसका दयालु स्वभाव। वह हमेशा अपने सहपाठियों की मदद के लिए तत्पर रहता था। इसी कारण, एक दिन विद्यालय का 'बेस्ट कक्षा प्रिफेक्ट' चुना गया।

जहाँ अधिकांश छात्र उसकी इस उपलब्धि से प्रसन्न थे, वहीं आर्यन और उसके कुछ मित्रों के मन में ईर्ष्या की भावना जन्म लेने लगी। उन्हें यह सहन नहीं हो रहा था कि माधव को इतनी सराहना और स्नेह मिल रहा है। धीरे-धीरे उनकी यह ईर्ष्या शरारत में बदल गई। वे माधव को चिढ़ाने लगे, कभी उसकी किताबें छिपा देते, कभी उसका मजाक उड़ाते, तो कभी उसे धक्का देकर हँसते। शुरूआत में माधव बहुत दुखी हुआ। उसे समझ नहीं आ रहा था कि बिना किसी गलती के उसे यह सब क्यों सहना पड़ रहा है, परंतु उसने हार मानने के बजाय धैर्य और समझदारी से काम लेने का निश्चय किया। एक दिन, जब आर्यन ने उसका रास्ता रोककर उसे फिर परेशान करने की कोशिश की, तब माधव ने घबराने के बजाय शांत और दृढ़ स्वर में कहा, 'आर्यन, मुझे 'बेस्ट कक्षा प्रिफेक्ट' इसलिए नहीं चुना गया कि मैं सबसे श्रेष्ठ हूँ, बल्कि इसलिए कि मैं सभी की मदद करने का प्रयास करता हूँ। यदि तुम्हें किसी बात से परेशानी है तो हम मिलकर उसे सुलझा सकते हैं। लेकिन इस तरह चिढ़ाने से न तुम्हें कुछ मिलेगा, न मुझे।'

माधव के इन शब्दों में न तो क्रोध था, न अहंकार, सिर्फ सच्चाई और आत्मविश्वास था। उसकी शांति और साहस ने जैसे माहौल ही बदल दिया। आर्यन स्तब्ध रह गया। उसके मन में पहली बार अपनी गलती का एहसास हुआ। अन्य छात्रों ने भी माधव का समर्थन किया।

धीरे-धीरे आर्यन ने अपनी गलती स्वीकार की और माधव से माफी माँगी। उस दिन माधव ने केवल एक प्रिफेक्ट होने का कर्तव्य नहीं निभाया, बल्कि एक सच्चे नेता होने का परिचय दिया। धैर्य, शांति और सद्भाव से किसी का भी हृदय बदला जा सकता है। जी टी

कभी हार न मानना

नमामी तिवारी, ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल,
रायपुर, कक्षा 8 ए

एक लड़का रायपुर के एक छोटे से गाँव में रहता था। उसका सपना था कि वह बड़ा होकर चित्रकार बने और अपनी सुंदर चित्रकारी से सबका दिल जीत ले। लेकिन उसके पास न अच्छे रंग थे और न ही महँगा सामान। वह पेड़ों की पत्तियाँ, मिट्टी और कोयले से ही चित्र बनाया करता था। गाँव के लोग उसकी कला देखकर हैरान हो जाते थे और कहते, 'यह लड़का एक दिन बहुत बड़ा कलाकार बनेगा।' कुछ लोग उसका मजाक भी उड़ाते थे लेकिन वह कभी हिम्मत नहीं हारता था।

एक दिन उसने शहर जाकर अपनी चित्रकारी दुकानदार को बेच दी। लड़का बहुत खुश हुआ। उसने मिले हुए पैसों से अपने रंग, ब्रश और किताबें खरीदीं। उसने केवल अपने लिए



नहीं, गाँव के बच्चों के लिए भी कॉपियाँ, पेंसिल और रंग खरीदे। जब वह गाँव लौटा, तो सभी बच्चे उसे घेरकर खड़े हो गए। लड़के ने बच्चों को सामान बाँटा और उन्हें चित्र बनाना सिखाने लगा। अपनी मेहनत, लगन और अच्छे व्यवहार से वह एक सफल कलाकार बना।

शिक्षाः कभी भी हार नहीं माननी चाहिए। मेहनत से हर सपना पूरा किया जा सकता है। जी टी

द ग्लोबल टाइम्स
सोमवार, सितम्बर 7, 2026



समय 2.0

मंदाकिनी शुक्ला, ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल, जगदीशपुर कक्षा 10सी

पात्र: सूत्रधार; विवान – टेक्नोलॉजी और एआई का दीवाना लड़का; पिता– व्यस्त और थके हुए; दादी– भावुक और अकेली; रिया – स्कूल की लड़की; एआई असिस्टेंट– (आवाज या रोबोट); डॉक्टर, डिलीवरी बॉय

दृश्य 1

(मंच पर एक परिवार है। सभी साथ बैठे हैं लेकिन कोई किसी से बात नहीं कर रहा। पिता लैपटॉप पर, विवान मोबाइल पर, दादी अकेली खिड़की से बाहर देख रही हैं।)

सूत्रधार: यह वो समय है जहाँ घर बड़े हो गए हैं लेकिन रिश्तों के बीच की दूरी उससे भी बड़ी।

विवान: (मोबाइल में तेजी से बोलते हुए) एआई! मेरा पूरा होमवर्क, प्रोजेक्ट और स्पीच तैयार करो।

एआई: कार्य पूर्ण हुआ।

विवान: वाह! अब तो दिमाग लगाने की भी जरूरत नहीं।

पिता: (लैपटॉप से नजर हटाए बिना) बेटा! खाना खा लो।

विवान: ऑर्डर कर दिया। 30 मिनट डिलीवरी।

दादी: (धीरे से) पहले घरों में खाना नहीं, प्यार डिलीवर होता था। (कोई ध्यान नहीं देता।)

दादी: विवान जरा मेरे पास बैठ जा। आज पुरानी तस्वीरें देख रही थी।

विवान: दादी प्लीज! अभी टाइम नहीं है।

एआई: आपका स्क्रीन टाइम आज 11 घंटे हो चुका है।

विवान: (हँसकर) बस? आज तो रिकॉर्ड टूटेगा। (दादी उदास होकर तस्वीर सीने से लगाती हैं।)

दृश्य 2

(सड़क का दृश्य। एक डिलीवरी बॉय तेज बारिश में फिसलकर गिर जाता है। उसका खाना सड़क पर बिखर जाता है।)

डिलीवरी बॉय: आ... मेरा पैर! (भीड़ इकट्ठा होती है। लोग मदद करने के बजाय वीडियो बनाने लगते हैं।)

पहला लड़का: भाई कंटेंट मिल गया!

डिलीवरी बॉय: एक्सीडेंट — वायरल जाएगा।

दूसरी लड़की: रुको–रुको! पहले रील बनाती हूँ। (डिलीवरी बॉय दर्द में पड़ा है।)

विवान: (मोबाइल निकालकर) एआई! फ्रैक्चर होने पर क्या करना चाहिए?

एआई: रोगी को तुरंत सहायता दें। एम्बुलेंस बुलाएँ।

डिलीवरी बॉय: (दर्द से) भैया! फोन बाद में। पहले उठाओ। (सभी चुप। तभी स्कूल यूनिफॉर्म में रिया आगे आती है।)

रिया (बैग नीचे रखकर): भैया, मेरा हाथ पकड़िए। (वह अपना रेनकोट उतारकर डिलीवरी बॉय पर डाल देती है।)

सूत्रधार: जहाँ हजारों कैमरे चालू थे, वहाँ इंसानियत ऑफलाइन थी। और जहाँ एक छोटा दिल जागा, वहीं मानवता जिंदा हो गई।

दृश्य 3:

(अस्पताल। डॉक्टर बाहर आते हैं।)

डॉक्टर: अगर पाँच मिनट पहले मदद मिल जाती तो इतना खून नहीं बहता।

विवान: लेकिन डॉक्टर, हम लोग जानकारी खोज रहे थे।

डॉक्टर: आजकल लोग कैसे बचाएँ? सर्च करते हैं, पर बचाने के लिए हाथ आगे नहीं बढ़ाते। ज्ञान मोबाइल में मिल जाता है लेकिन इंसानियत दिल में होनी चाहिए। (विवान शर्मिंदा होकर मोबाइल नीचे करता है।)

दृश्य 4:

(घर में अंधेरा है। दादी अकेली बैठी हैं। सामने पुराना रेडियो।)

विवान: दादी! अभी तक आपने खाना क्यों नहीं खाया?

दादी: भूख तो तब लगती है बेटा जब साथ में कोई अपना हो। (कुछ पल मौन रहता है।) तुम्हें पता है, आज पूरा दिन मैंने किसी से बात नहीं की।

विवान: लेकिन मैं तो घर में था।

दादी: शरीर घर में था, पर मन स्क्रीन में। (विवान की आँखें झुक जाती हैं।)

दादी: मशीनें जवाब दे सकती हैं लेकिन अपनापन नहीं। (विवान धीरे–धीरे मोबाइल बंद करता है और दादी का हाथ पकड़ लेता है।)

विवान: दादी! आज पहली बार लग रहा है, मैं स्मार्ट तो बन गया, पर इंसान बनना भूल गया।

दृश्य 5

(सभी पात्र मंच पर। हल्की रोशनी। एआई बीच में खड़ा है।)

एआई: मैं इंसान की बनाई तकनीक हूँ। मैं तेज हूँ, पर किसी का दर्द महसूस नहीं कर सकता।

रिया: अगर किसी की तकलीफ देखकर भी दिल न पिघले तो फिर इंसान और मशीन में फर्क क्या रह जाएगा?

पिता: हमने मशीनों को इंसानों जैसा बनाना शुरू किया और खुद मशीनों जैसे होते गए।

सूत्रधार: तकनीक गलत नहीं है, गलत वो पल है, जब इंसान सामने रो रहा हो और हम स्क्रीन पर व्यस्त हों।

संदेश: एआई दिमाग को तेज बना सकता है लेकिन इंसानियत ही दिल को ज़िंदा रखती है। डर इस बात का नहीं कि मशीनें इंसान बन जाएँगी, डर इस बात का है कि कहीं इंसान मशीन न बन जाए। जी टी

नंबरों का बोझ

आराध्या पाठक, ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल, मयूर विहार, कक्षा 9 ए

पात्र: आरोही– एक संवेदनशील छात्रा; माँ– समाज की तुलना में उलझी हुई; पिता– प्रतिष्ठा और अंकों को सफलता मानने वाले; शिक्षिका– परिणाम को ही प्रतिभा समझने वाली; माही– सच्ची मित्र

दृश्य1: रिजल्ट का दिन

(मंच पर हल्का तनावपूर्ण संगीत। दरवाजा खुलता है। आरोही धीरे–धीरे घर में प्रवेश करती है। हाथ में रिपोर्ट कार्ड है। माँ मोबाइल पर पड़ोसन से बात कर रही हैं।)

माँ: हाँ–हाँ बहन जी आज रिजल्ट आया है। देखते हैं हमारी बेटी मोहल्ले का नाम रोशन करती है या नहीं। (मोबाइल का कवर बंद कर आरोही की तरफ देखती है) आ गई? चलो जल्दी बताओ, कितने प्रतिशत आए? (आरोही चुप रहती है।)

माँ: चुप क्यों हो? तो बहुत अच्छे आए हैं या बहुत बुरे। (आरोही काँपते हाथों से रिपोर्ट कार्ड देती है। माँ रिजल्ट देखते हुए आश्चर्य से कहती है) 82%?? बस इतने? (तभी पिता अखबार मोड़ते हुए आते हैं।)

पिता: अरे! शर्मा जी की बेटी के 96 प्रतिशत आए हैं। पूरा मोहल्ला मिठाई खा रहा है। और यहाँ सन्नाटा है।

आरोही: मैंने बहुत मेहनत की थी।

पिता: बेटा, आजकल मेहनत नहीं मार्कशीट देखी जाती है।

माँ: इतनी फीस, इतने ट्यूशन। और बदले में सिर्फ 82?

सूत्रधार: यही सिर्फ शब्द ही बच्चे का आत्मविश्वास खा जाता है। (आरोही चुपचाप कमरे में चली जाती है।)

दृश्य 2: विद्यालय

(स्कूल के कॉरीडोर में छात्राएँ आपस में बातें कर रही हैं।)

पहली छात्रा: मेरे 94 प्रतिशत आए! मैंने ने कहा — जो माँगोगी, दिलाएँगे।

दूसरी छात्रा: मेरे 91 प्रतिशत आए। फिर भी पापा बोले — 5 नंबर कहाँ गए? (सब हल्का हँसते हैं।)

पहली छात्रा: 90 प्रतिशत से कम वालों को लोग ऐसे देखते हैं जैसे उन्होंने देशद्रोह किया हो। (हल्की हँसी। आरोही उदास बैठी है। माही उसके पास आती है।)

माही: क्या हुआ?

आरोही: कुछ नहीं।

माही: तेरा चेहरा बता रहा है कि कुछ नहीं में ही बहुत कुछ छिपा है।

आरोही: घर में ऐसे देख रहे हैं जैसे मैं हार गई हूँ।

माही: 82% हार नहीं होती।

आरोही: हमारे घर में होती है।

दृश्य 3: कक्षा

शिक्षिका: जो विद्यार्थी मेहनत करते हैं, वही जीवन में आगे बढ़ते हैं। कुछ बच्चे समय बर्बाद करते हैं, फिर परिणाम देखकर दुखी होते हैं। (छात्र आरोही की ओर देखने लगते हैं। आरोही सिर झुका लेती है।)

शिक्षिका: आरोही, खड़ी हो जाओ। (आरोही खड़ी होती है।) मुझे तुमसे इससे बेहतर की उम्मीद थी। (आरोही चुप रहती है।)

सूत्रधार: कभी–कभी शब्द थप्पड़ से भी ज्यादा चोट पहुँचा देते हैं।

दृश्य 4: रात

(कमरे में किताबें फैली हुई हैं। घड़ी में रात के 2 बजे हैं। आरोही पढ़ रही है। आँखें लाल हैं।)

माँ: अभी तक जाग रही हो?

आरोही: नींद नहीं आ रही।

माँ: फोन दो अपना।

आरोही: मम्मी मैंने कुछ नहीं किया।

माँ: तुम बच्चों का ध्यान बस फोन में रहता है। (पिता अंदर आते हैं।)

पिता: अगली बार 90 प्रतिशत से कम नहीं आने चाहिए।

आरोही: अगर नहीं आए तो? (कुछ पल की चुप्पी) तो सोच लेना। (माँ–पिता चले जाते हैं।) (आरोही अकेली बैठी है। धीरे से किताब बंद करती है।)

सूत्रधार: जब बच्चा खुद को अंकों में तौलने लगे तो समझ लीजिए समाज हार रहा है।

दृश्य 5: जन्मदिन

(हल्का संगीत। मेज पर छोटा–सा केक रखा है।)

माँ: जल्दी केक काटो मुझे रसोई भी संभालनी है। (आरोही मोमबत्तियाँ देखती है।)

पिता: वैसे गणित में इतने कम अंक क्यों आए? (आरोही की मुस्कान धीरे–धीरे गायब हो जाती है।)

माही: अंकल आज इसका जन्मदिन है।

पिता: तो क्या हुआ? भविष्य भी कोई चीज होती है।

माही: लेकिन अंकल बचपन भी कोई चीज होती है। (हल्की चुप्पी। आरोही मोमबत्तियाँ बुझाती है। सब ताली बजाते हैं। उसकी आँखें नम हैं।)

दृश्य 6: टूटन

सूत्रधार: धीरे–धीरे आरोही पढ़ाई नहीं, डर पढ़ने लगी। उसे किताबों में शब्द नहीं, घर वालों की उम्मीदें दिखाई देने लगीं। (फोन पर संदेश आता है। माही का संदेश है: नीचे आ जा, थोड़ी देर बातें करेंगे। (आरोही जवाब लिखती है फिर मिटा देती है। वह आईने में खुद को देखती है।)

सूत्रधार: यह वही उम्र होती है जहाँ बच्चे भविष्य नहीं बस थोड़ा–सा अपनापन ढूँढ़ रहे होते हैं।

दृश्य 7 : अंतिम दृश्य

(मंच पर गंभीर वातावरण। माँ–पिता बैठे हैं। शिक्षिका भी मौजूद हैं।)

शिक्षिका: आरोही पहले बहुत खुश रहती थी, अब किसी से बात तक नहीं करती।

माँ: हमें लगा था थोड़ा दबाव देंगे, तो और अच्छा करेगी।

पिता: हम तो बस इसका भविष्य अच्छा चाहते थे। (आरोही धीरे–धीरे मंच पर आती है। बेटा!

आरोही: पापा एक बात पूछूँ?

पिता: हाँ।

आरोही: अगर मेरे 95 प्रतिशत आते, तो क्या आप मुझे ज्यादा प्यार करते? जब भी अंक कम आते हैं ऐसा लगता है जैसे मैं भी कम हो जाती हूँ। (माँ की आँखें नम हो जाती हैं।) अगर अंक ही सब कुछ हैं तो मैं कहाँ हूँ?

सूत्रधार: समाज में बच्चों की तुलना मोबाइल के नेटवर्क से भी तेज होती है। शर्मा जी का बेटा, गुप्ता जी की बेटी, उसके इतने नंबर। इन शब्दों ने न जाने कितने बच्चों की मुस्कान छीन ली। हर बच्चा टॉपर नहीं बन सकता लेकिन हर बच्चा एक अच्छा इंसान जरूर बन सकता है। अंक जीवन का एक हिस्सा है, पूरा जीवन नहीं। पर्दा गिरता है। जी टी

Same old roads

Adamya Bhanot
AIS Gurugram 46, XII E

The afternoon sun seemed to have melted the image of all surrounding buildings in the vicinity, with the hot air rising and falling as if in tandem with the rhythm of a still breathing chest. Rohit and Veer had been driving for hours, the hum of the engine dissolving the silence as the sand and the road became one. It was one fateful summer some eight years ago, Rohit and Veer found themselves sorted in the same class. Ever since then, their lives had never quite managed to detangle from one another's - like a pair of wired earphones inside a stuffed backpack.

Today, that same entangled wire was unfolding into this unwinding path of gravel and dust. Veer had unexpectedly rung Rohit last week and asked, "How does a trip round home sound like? It's spring break soon anyways." Rohit responded just as casually, "Sure. For old times' sake." Distance and time had **frayed** the wire that once connected the two, leaving behind a fragile thread. Back on the road, Veer quietened the car's metallic hiss as the pair headed towards the town's age-old breakfast joint. They took their usual booth - a habit unshakable - and placed their usual order: chocolate pancakes. Everyone knew that these pancakes were the country's finest.

> They took their usual booth - a habit unshakable - and placed their usual order: chocolate pancakes. Everyone knew that these pancakes were the country's finest.

The pancakes' arrival filled the air with a sweet, warm aroma that magically transformed the pace of those who had come to relish them. It was as if the sweetness, texture, and flavour of the pancakes froze time. The sun hung low on the horizon when Veer and Rohit first stumbled upon the diner years ago. Recalling it all, Rohit commented, "This place still has that special radiance to it, as if the sun rents some of its glow to it." Veer smiled. Over pancakes, the two friends shared stories about their adventures of new college days.

They thanked the elderly man at the counter and left, swinging the door shut once more. Inside, the old man smiled to himself with the satisfaction of a man having perfected the recipe of his family's magical pancakes. You may ask what's magical about them? Nothing much, except that they effortlessly unlock the mind's vault, pulling memories forward so vividly it feels like yesterday.

The old man returns to the griddle, proud to have given two old friends their favourite moment once again. GT

So, what did you learn today?

A new word: Frayed
Meaning: Worn down or shredded at the ends or edges as a result of strain.

POEM

Fear no aim

Ruqqaya Rubina Rahman
AIS Mayur Vihar, X B

My heart's filled with fear
Begging strength to steer
Dreams have been put to test
Tired eyes craving some rest

Between panic and doubt
Lies a dream, set to sprout
So, when the bell is rung
A silent prayer is sung

Holding the mind adrift
Maybe the stress is a gift
Why focus on the blame
When the aim is the game.

It's Me!

KNOW ME

My name: Pradyut Raj Gupta
My Class: III C
My school: AIS Pushp Vihar
My birthday: February 21

MY FAVOURITES

Teacher: Nikita ma'am
Subject: Mathematics
Friend: Devansh
Game: Football
Cartoon: Diana and Roma
Food: Poori and paneer sabzi
Mall: DLF Avenue Saket
Book: Mental math book

MY DREAMS AND GOALS

Hobby: Art
I like: Exploring cars
I dislike: Junk food
My role model: My mother
I want to become: A car engineer
I want to feature in GT because: It's one step towards a brighter tomorrow.

Riddle Fiddle

Unnat Vohra
AIS Saket, V E

1. What bird do you associate with lifting weights?
2. I sometimes run, but I can't walk. What am I?
3. What loses a head in the morning but gets it back at night?
4. What kind of tree can you carry in your hand?
5. They come out at night without being called, and are lost in the day without being stolen. What are they?
6. What has words in various languages but can never speak?

Answers: 1. Cranes 2. Nose 3. Pillow 4. Palm 5. Stars 6. Book

READ • PLAY • WIN

Answer • Participate • Win Prizes 118

1 Write answers of all the questions below
2 Click Photograph
3 Mail: editor@theglobaltimes.in or Visit: http://theglobaltimes.in/readplaywin/

Name: .... Class: .... School ....

Q.1 What was Rohit and Veer's usual order at the breakfast joint in the short story on page 9?	Q.2 How many acts are there in the play 'Samay 2.0' on page 8?
Q.3 Who is the director of the movie Spiderman: Brand New Day as mentioned on page 12?	Q.4 Which festival is being represented on page 10?
Q.5 Who is the writer of the essay 'Badhta Maansik Tanaav' on page 6?	Q.6 Who has won the prestigious 2026 Grand Chess Tour Finals as mentioned on page 2?

Winners 117

Result of Read Play & Win: **Reyansh Singh**, AIS Pushp Vihar, III D; **Vivaan Sharma**, AIS Noida, IV L; **Anaisha Jain**, AIS Gurugram 46, V S

THE GLOBAL TIMES
MONDAY, SEPTEMBER 7, 2026

Krishiv Singh, AGS Gurgaon, KG

Ashved, AIS Mayur Vihar, II B

Mahit Agarwal, AIS Gur 43, LKG C

BOX

This Janmashtami, we turned the lens on our youngest devotees, inviting students to dress up as Lord Krishna and send in their favourite click. From mischievous smiles to peacock feathers, flutes, and flowing dhotis, these photographs are a celebration of the joy and innocence they bring to the festival every year.

Shrijay Shukla, AIS VKC Lko, Nur

Agastya Sharma, AIS Noida, Nur B

Reyanshi Agarwal, UKG A & **Sharvil Sharma**, LKG A, AIS Jagdishpur



Rudra Pratap Singh
AGS Noida, EY 2

Nirvair Singh Jolly, AIS Saket, KG C

Aryash Tewathia, AIS Pushp Vihar, KG A



Sharvi Garg
AIS Vas 1, Nur A

Avyaan Mishra
AIS Vasundhara 6, Nur A

Designing for space

Where Creativity Meets Science And Precision

Young space enthusiasts present their ideas

Amity University Gwalior

The third Amity Space Design Competition was organised by the Amity Children Science Foundation from July 28-30, 2026, at Amity University Gwalior. Conceptualised under the visionary leadership and guidance of Dr (Mrs) Amita Chauhan, Chairperson, Amity Group of Schools and RBEF, the competition provided the students with an exciting platform to showcase their creativity, imagination, scientific temper, design skills, and innovative ideas in the field of space science.

The competition featured a total of 15 teams across two divisions: Class VI-VIII and Class IX-XII. The emerging aerospace enthusiasts from both the divisions designed and presented their creative ideas based on topics like space exploration, satellite systems, planetary habitats, sustainable space missions, and emerging space technologies. The participating teams were evaluated by an eminent jury comprising Dr TK Sundaramurthy, former mission director, ISRO and Dr Anurag Tyagi, assistant professor, NIET, Noida. They evaluated the teams on the basis of creativity, innovation, design approach, scientific understanding, teamwork, and overall presentation. The jury's expertise and valuable constructive feedback added significant academic and professional value to the participants' understanding of space science.

The event concluded with a valedictory ceremony, wherein the winning teams were felicitated for their outstanding performances. In the junior category (Class VI-VIII), Aurora Martis (AIS Noida) secured the first position, followed by Martian Oasis (AIS Pushp Vihar) at the second place, and Pianeta Rosso (AIS Gurugram 46) at the third place. In the senior category (Class IX-XII), Utopia (AIS Mayur Vihar) emerged as the winner, while Macaque (AIS Gurugram 43) secured the second position; closely followed by Kritaya (AIS Vasundhara 6) and Olympus (AIS Saket) who jointly secured the third place.

Shivanjali Sapra at IEOX 2026

The global star

AIS Saket

Shivanjali Sapra of Class XII represented the nation as one of the five members of Team India at the 9th International Economics Olympiad (IEO) 2026 held in Shenzhen, China, from July 12-20, 2026. She was also the fourth place winner and the only Indian participant among the top 12 speakers selected worldwide to deliver a 3-minute speech on economics, leadership, and personal experiences at the IEOx Youth Talks forum of the competition. Shivanjali advanced to the prestigious international annual competition for high school students in the areas of economics and finance after successfully navigating a rigorous three-stage national qualification process.

The unique opportunity to participate in the event that brought together talented students from over 55 countries was provided by Dr (Mrs) Amita Chauhan, Chairperson, Amity Group of Schools and RBEF. Notably, Shivanjali's participation in the competition also highlighted Amity as the school that nurtures future leaders. Expressing her heartfelt gratitude to the Chairperson, school principal Divya Bhatia, and her mentors, Shivanjali shared that during her stay in China for the competition, her counterparts deeply appreciated and complimented the consistent support, guidance, and motivation that she received from her mentors.

Chitrankan Art Fest

AIS Gur 46

The school organised 10th Chitrankan, an inter-school Art Fest on July 15, 2026, bringing together rising artists from 27 reputed schools across Delhi/NCR to celebrate creativity and interdisciplinary learning through art. Based on the theme 'Canvas of Learning - Where Art Integrates with Every Subject', the fest encouraged young minds to explore the seamless integration of visual arts with math, science, social science, literature, and environmental studies.

Budding artists create sculptures

It featured nine curated art competitions, each promoting artistic excellence while reinforcing academic concepts. The competitions were evaluated by a distinguished jury comprising Sangeeta Kumar Murthy, acclaimed artist and researcher; Nitasha Jaini, eminent contemporary artist; Kalaiarasi Abhilash, founder, Kala Fine Arts, Gurugram; and Dashmesh Singh Chehal, national award-winning portrait artist and school alumnus.

The overall rolling trophy was won by AIS PV, while young artists from other Amity Group of Schools also brought home several prizes across categories. AIS PV also secured the third prize in 'Echoes of Nature' (Fusion of *Kalamkari* & *Pichwai* Art) and first prize in 'Heritage Through Time'. AIS Noida and AIS Gur 46 won first and second prizes respectively in 'The Shape Symphony' (Mixed Media Mural Challenge). In 'The Art of Timeless Verses', AIS Gur 46, AIS Saket, and AIS Noida secured the first, second, and third prizes respectively. 'Twilight Harmony' saw AIS Gur 46 take the first prize and AIS Gur 43 the second, while 'Eco Artistry and Fibonacci Impressions' saw AIS Gur 46 emerge winners again. In 'Frame to Fame', AIS Noida secured third prize, while 'Sculpting History' saw AIS Saket and AIS PV bag the second and third prizes.

Education New Zealand team receive a warm welcome

Exploring New Zealand

ACCGC

As part of its Study Abroad Programme, Amity Career Counselling & Guidance Cell (ACCGC) organised an engaging session on higher education opportunities in New Zealand at AIS VYC Lucknow on July 17, 2026, for students of Class XI-XII. The session was attended by students from AIS VKC Lko, AIS VYC Lko, and AIS Jagdishpur.

Marking a significant milestone, the event was also the first-ever visit by the New Zealand High Commission to AIS VYC Lko, providing students with a unique opportunity to interact with representatives from Education New Zealand. The session, led by Bhupinder Kaur from the Education New Zealand team, offered valuable insights into higher education opportunities and the benefits of pursuing higher education in New Zealand. Students were introduced to the country's world-class universities, popular fields of study, academic pathways, admission processes, and scholarship opportunities. The presentation also featured interesting facts about the land of the flightless bird - kiwi, its official languages, and rich cultural diversity.

Mom's arsenal

A Peek Into The War Chest Of Mass Discipline

Suditi Pal, XI B & **Tanush Dhatariya**, Alumnus, AIS Saket

Mothers have a tolerance threshold as delicate as a biscuit dipped in *chai*. If you cross it, be prepared to face her wrath, often accompanied by flying *belans*. But these aren't the only weapons of their choice. A mother's armoury is as big as the USA's war chest. It's a good thing there is a Nuclear Non-Proliferation Treaty in place, because otherwise mothers would have armed themselves with atomic weapons too. Let's take a glance at what they do possess…

The chappal of justice

Despite being caught red-handed for breaking mom's beloved (and high-end) MAC eyeshadow palette, you try to slyly shift the blame onto Tuffy, the pet dog. You and your mother both know that the poor canine could never have unlocked the make-up drawer; he has neither nimble fingers nor the criminal acumen. You are fighting a losing battle, making one odd argument after another. Your mother - the judge - delivers the verdict. Ten lashings of the *chappal*! Tuffy barks in protest, and the guilt hits harder than the punishment. Throwing your only ally under the bus was a low blow.

The emotional attack

"…I carried you for nine months. Is this how you repay me?" This phrase is so overused that you wish your mother would hire a dialogue writer. She uses it every third day, regardless of whether the situation demands it or not. By now, you have learnt that this is one weapon you should never defend yourself against. Just listen and nod. At the end of the day, it is true that she went through the ordeal of carrying you when you were more interested in kicking to prepare for your non-existent football career.

The sudden ambush

She would be quietly sweeping the floor when, out of nowhere, she hits you with the broom as if you're a pesky rat foraging for cheese. For a minute, you wonder why the broom came swinging at you. Then you notice the door of your room behind her. The tornado-hit scene - clothes and books strewn across the floor, a lopsided lamp, and your chair trying its best to balance the mountain of unwashed laundry on it. You meekly take the broom and head in for mission clean-up.

The killer look

No words. No movement. Just a look. It's delivered with laser-sharp precision from across the room, powerful enough to stop you mid-sentence, mid-step, sometimes mid-breath. This weapon does not bruise the body, but it paralyses the soul. You instantly replay your last five actions, trying to figure out what you did wrong. Was it the tone? The eye-roll? Existing too loudly? By the time you realise your mistake, it's already too late. The look has spoken.

The covert comparison

"See Sharma ji's child? Always polite and studying. Never talks back." Your achievements fade into the background as someone else's report card, manners, or obedience is held up as the gold standard. Resistance is futile. You nod, but silently vow to never become Sharma ji's child in your next life.

All these weapons aren't really about punishment. They're about discipline, love, and a slightly dramatic way of keeping us in check. After all, behind every notorious child is a mom doing her absolute best… armed and ready.

(Tanush is currently pursuing B.Tech in Computer Science from VIT, Vellore.)

MOVIE REVIEW

The web-slinger starts over

Movie: Spider-Man: Brand New Day
Directed by: Destin Daniel Cretton
Released on: July 30, 2026
Starring: Tom Holland, Zendaya, Jacob Batalon, Sadie Sink, Jon Bernthal, Michael Mando, Mark Ruffalo
Genre: Action, Adventure, Sci-Fi

Synopsis: After No Way Home wiped Peter Parker from everyone's memory, Spider-Man: Brand New Day begins with Peter fully on his own. No one remembers him. He throws himself into being Spider-Man full-time, but the loneliness and pressure eventually gets to him, leading to a metamorphosis. As New York comes under pressure from a mysterious new threat, Peter is pulled into a conflict involving supervillain Scorpion, and some surprise MCU connections, forcing him to confront a more difficult question than ever before: what kind of hero should he become now that he has nothing left to lose?

Why is it worth watching: This feels like a genuine fresh start for the franchise, with a more emotional tone than the earlier Spider-Man films. Director Destin Daniel Cretton brings a more dramatic approach, while Tom Holland gets room to play a worn-down Peter Parker rather than a purely quippy one. Zendaya, Jacob Batalon, and the newer cast additions give the film extra weight, and the street-level conflict makes the action feel tighter and more personal. In India, the film released a day early in multiple languages and premium formats, which further added to the already existing high enthusiasm for the film.

Iconic dialogue: "Sometimes Spider Man has to do the hard thing, even if it breaks Peter Parker's heart."

Rating: ★★★★★

Review by: Zoya Nafis
AIS Jagdishpur, X A

GT Travels to Türkiye

Explorer: Pavni Chaudhary, AIS Pushp Vihar, IX C
Location: Blue Mosque, Istanbul, Türkiye
Attraction: Known as the Sultan Ahmed Mosque, the monument boasts of 21,043 turquoise-coloured, handmade Iznik tiles and 260 stained glass windows creating a mesmerising interior.

Got some clicks with GT while on the go? Get them featured! Send them to us at gttravels@globaltimes.in